<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>भारतीय तटरक्षक</u>

भारतीय तटरक्षक ने प्रथम महिला सिविलियन कार्मिक, श्रीमती गौरी सिन्हा बिश्वास को ड्राफ्टसमैन-2 के रूप में 35 वर्ष 6 माह की उत्कृष्ट सेवा के पश्चात् अधिवर्षिता पर विदाई दी । भारतीय तटरक्षक के अपर महानिदेशक वी एस आर मूर्ती ने इनको राष्ट्र की व्यापक तथा तटरक्षक की विशेष रूप से उत्कृष्ट सेवा करने के लिए सम्मानित किया ।

विदाई समारोह में बोलते हुए, अपर महानिदेशक ने ड्राइंग ऑफिस के आधुनिकीकरण के अतिरिक्त ड्राइंग तथा दस्तावेजों के शत प्रतिशत डिजिटलीकरण में इनके योगदान की सराहना की । अपर महानिदेशक वी एस आर मूर्ती ने तटरक्षक बिरादरी की ओर से श्रीमती गौरी सिन्हा विश्वास, उनकी पुत्री कुमारी बिंदिशा सिन्हा बिश्वास तथा उनके पुत्र श्री अनिंदो सिन्हा बिश्वास को उनके उज्जवल भविष्य तथा शांतिपूर्ण जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की ।